सत्यमेव जयते

रक्षा मंत्री
भारत
**MINISTER OF DEFENCE**
**INDIA**

## संदेश

जैसा कि हम सभी जानते हैं, 14 सितम्बर, 1949 को संविधान सभा ने हिन्दी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। तब से प्रतिवर्ष 14 सितम्बर **'हिन्दी दिवस'** के रूप में मनाया जाता है।

हिन्दी हमारे देश में सर्वाधिक लोगों द्वारा बोली व समझी जाने वाली भाषा है। यह भारत जैसे बहुभाषा-भाषी देश में अन्य भाषाओं के बीच सेतु का कार्य करती है। यह हमारा संवैधानिक दायित्व है कि हम सरकारी काम-काज में इसका अधिक से अधिक प्रयोग करके सरकारी तंत्र को अधिक पारदर्शी और लोकोपयोगी बनाएं।

मुझे यह जानकर हर्ष हो रहा है कि इस वर्ष भी रक्षा मंत्रालय व इसके अधीनस्थ कार्यालयों में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन से रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी साहित्यिक अभिरूचि प्रदर्शित करने का भी अवसर मिलेगा। मैं रक्षा मंत्रालय, तीनों सेना मुख्यालयों तथा अन्य सभी रक्षा संगठनों से इस अवसर पर अपील करता हूं कि वे हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक संख्या में भाग लें और सरकारी काम-काज में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करें।

**'हिन्दी दिवस'** के अवसर पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

नई दिल्ली
31 अगस्त, 2015

मनोहर पर्रीकर

**(मनोहर पर्रीकर)**

कार्यालय : 104, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली-110011, फोन : +91 11 23012286, +91 11 23019030 फैक्स : +91 11 23015403
Office : 104, South Block, New Delhi-110011, Ph. : +91 11 23012286, +91 11 23019030 Fax : +91 11 23015403